<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

इरेडा को एमओयू प्रदर्शन में लगातार चौथे वर्ष उत्कृष्ट रेटिंग हासिल हुई

नई दिल्ली, 7 जनवरी 2025

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के बीच हस्ताक्षरित एमओयू के प्रदर्शन के लिए 98.24 (पूर्णांक 98) के स्कोर के साथ उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त की है। यह लगातार चौथा वर्ष है जब इरेडा को उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त हुई है, जोकि परिचालन उत्कृष्टता और कॉर्पोरेट सुशासन के उच्चतम मानकों के प्रति इसकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

पिछले तीन वर्षों के दौरान, इरेडा ने लगातार असाधारण परिणाम दिए हैं, और वित्तीय वर्ष 2022-23 में 93.50, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 96.54 और वित्तीय वर्ष 2020-21 में 96.93 के स्कोर के साथ उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त की है। ये लगातार उपलब्धियाँ भारत के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती हैं।

इस उपलब्धि के बारे में संदेश देते हुए, इरेडा के सीएमडी, श्री प्रदीप कुमार दास ने कहा कि , *"लगातार चौथे वर्ष उत्कृष्ट रेटिंग प्राप्त करना इरेडा के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह हमारे कर्मचारियों के अथक प्रयासों, हमारे हितधारकों के अटूट विश्वास और भारत सरकार के मार्गदर्शन को दर्शाता है। मैं, इस सफलता के लिए योगदान देने वाले सभी लोगों का तहे दिल से आभार व्यक्त करता हूँ। हम सब मिलकर, भारत के हरित ऊर्जा परिवर्तन को गति देने और अपने देश के नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"*

इरेडा के सीएमडी ने माननीय केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, उपभोक्ता मामले तथा खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री, श्री प्रल्हाद जोशी, माननीय विद्युत एवं नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, श्री श्रीपद नाइक, एमएनआरई के सचिव, श्री प्रशांत कुमार सिंह, मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों तथा निदेशक मंडल के प्रति उनके समर्थन और अमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।